प्रथम आवधिक परीक्षा 2017-2018

कक्षा -11 (XI) समय - 90 मि.

विषय - हिन्दी पूर्णांक - 50

खंड -क

1 - नीचे दिए गए गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1 X 5)

टेलीविज़न मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम है | दिन प्रतिदिन विश्व में घटने वाली घटनाओं का दर्पण हैं | ज्ञानवर्धन का सशक्त माध्यम है | विद्यार्थियों को सचित्र शिक्षा देने वाला श्रेष्ठ शिक्षक है |विज्ञापन द्वारा प्रचारित वस्तु की वृद्धि का प्रभावकारी ढंग है | दिन भर के परिश्रम के पश्चात हारा-थका मानव घर पहुँच कर टेलीविज़न का स्विच आन करता है , तो अज्ञात स्फूर्ति और उल्लास उसके मन मस्तिष्क पर उतर आता है | मानो टेलीविज़न के नाम को ही वह मनोरंजन की संज्ञा देने लगा हो | पिक्चर , नाटक , हास्य - व्यंग्य एकाँकी देखने के लिए सिनेमाघर , नाटक भवन या सांस्कृतिक केन्द्रों में जाने की जरूरत नहीं, वाहनों के धक्के खाने , टिकट घर के खिड़की की भीड़ भाड़ में पीसने और जेब खाली करने की आवश्यकता नहीं |

क - टेलीविज़न हमारे जीवन के किन -किन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान देता है ?

ख - दिन भर के परिश्रम के पश्चात आदमी टेलीविज़न क्यों आन करता है ?

ग - सांस्कृतिक केन्द्रों मे हम क्यों जाते थे, और अब क्यों नहीं जाते ?

घ -उपर्युक्त गदयांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए ?

ड़- उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए - सशक्त , सांस्कृतिक

2 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1 x 5)

क -जनसंचार किसे कहते हैं ?

ख - संचार के कितने माध्यम हैं ?

ग- समाचार किसे कहते हैं ?

घ - भारत का पहला समाचार पत्र कौन सा था ?

ड़- भारत में छापेखाने का आविष्कार कब हुआ ?

3 - स्वच्छता अभियान की प्रशंसा करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक पत्र लिखिए (5)

4 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त निबंध लिखिए | (5)

क - जीवन का लक्ष्य ख - मंहगाई से प्रभावित आम जन जीवन

ग - बाढ़ का भयायह दृश्य

खंड - ख

5 - कवि एवं कविता का नाम लिखिते हुए भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए - (5)

संतों देखत जग बौराना |

साँच कहों तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना ।

नेमी देखा धरमी देखा , प्रात करै असनाना |

आतम मारि पखानहि पूजै , उनमें कछु नहिं ज्ञाना |

6 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3 x 3)

क - कबीर ने क्या - क्या उदाहरण देकर सिद्ध किया है किईश्वर एक है |

ख- कबीर दास ने क्यों कहा है कि संसार पागल हो गया है ?

ग - अज्ञानी गुरुओं के शरण में जाने से शिष्यों की क्या गति होती है ?

7 - क - ईश्वर प्रदत्त वस्तु किसे कहा गया है और क्यों ? (3)

ख - पाठ में पीर का मजार किसे कहा गया है और क्यों ? (3)

ग - 'दुनिया सोती थी , पर दुनिया की जीभ जागती थी ' पंक्ति का क्या आशय है (4)

8 - क - लता मंगेशकर के गायन की क्या विशेषता का उल्लेख कीजिए ? (6)

अथवा

ख - लता मंगेशकर सृंगारपरक गानों को बड़ी उत्कटता के साथ गाती हैं जब कि करुण रस के गानों के साथ न्याय उन्होने न्याय नहीं किया है | तर्क सहित उत्तर दीजिए | (6)

इति शुभम